हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

04 पाकिस्तान का झंडा जलाकर की आतंकियों को फांसी...



08 पंचायत व्यवस्था आत्मनिर्भर व स्वावलंबी...





## खबर संक्षेप

### ऑडिटोरियम में संगोष्ठी का आयोजन आज होगा

**विदिशा।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत उनके व्यक्तित्व कृतित्व को लेकर आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी आज शुक्रवार सुबह 10:30 बजे रविंद्रनाथ टैगोर भवन ऑडिटोरियम में होगी। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश संगठन के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह एवं पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रभुराम चौधरी , भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह ठाकुर सहित जिले के सभी विधायक सूर्य प्रकाश मीणा, हरि सिंह रघुवंशी, हरि सिंह सप्रे उमाकांत शर्मा, मुकेश टंडन शामिल होंगे।

### आज कांग्रेस जलाएगी आतंकवाद का पुतला

**विदिशा।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी आज माधवगंज चौराह पर जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व के आतंकवाद का पुतला जलाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों ने पर्यटकों को गोली मारकर हत्या की है। इस कायराना हमला की जिला कांग्रेस कमेटी निंदा करती है। आक्रोश में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा माधवगंज चौराहे पर शाम 4 बजे आतंकवाद का पुतला जलाया जाएगा। जिसमें सभी वरिष्ठ नेता, कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सेवादल, सभी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष एवं सभी प्रदेश पदाधिकारी सभी उपस्थित रहेंगे।

### कथा के लिए निकाली गई कलश यात्रा



**कागपुर।** ग्राम सुराई मुड़रा में भागवत कथा का आयोजन 24 से 30 अप्रैल तक कराया जा रहा है। जिससे कथा प्रवक्ता बाल योगी संत महंत सियाराम शरण महाराज गोवर्धन वाले द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा।

# नहरों के निर्माण में खुलेआम भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

संजय सागर सिंचाई परियोजना नहरयाई ( शमशाबाद )की नहरों को सीमेंट कांक्रीट से पक्का बनाया जा रहा है। लेकिन इंजीनियरों की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी से नहरों के पक्कीकरण के इस कार्य में गंभीरस्तर की की अनियमितताएं बरती जा रही हैं।

नहरों के निर्माण कार्य का हरिभूमि ने मौके पर जाकर जायजा लिया तो घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार की परत उजागर हुई। टीम ने मौके पर मिले सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के जिम्मेदार से जब कांक्रीट की परत की मोटाई नपवाई गई तो चार से छह इंच की जगह ढाई और सवा तीन इंच ही निकली। इसके अलावा मिट्टी की दबाई कुटाई किए बगैर ही भुरभुरी मिट्टी पर ही कांक्रीट बिछाते मिले। टीम को देखकर ठेकेदार ने तत्काल काम बंद करवा दिया। इसके अलावा जहां निर्माण हो चुका है वहां पर जरा भी पानी से तराई नहीं की जा रही है।



नहर को पक्का करने डाले जा रहे कांक्रीट की मजबूती के लिए प्लास्टिक पन्नी लगाकर डाला जाए तो मजबूती सालों तक रहेगी। लोहे का उपयोग नहीं हो रहा।



**विदिशा।** पानी की तराई नहीं होने से एक और दो पहले हुई कांक्रीट पर पानी की जरा भी तराई नहीं की जा रही है।

## कार्रवाई से बचने झूठ पर झूठ बोल रहे बीएमओः पहले कहा ऑडियो में आवाज मेरी नहीं, माफीनामे में कहा बहुत सारी नींद की गोलियां खाई थीं

# प्रभारी सीएमएचओ ने नहीं की कार्रवाई, तो कमिशनर तक पहुंचा गालियां देने का मामला

ग्यारसपुर बीएमओ टीएस मीणा खुद को बचाने के लिए झूठ पर झूठ बोलते जा रहे हैं। महिला स्वास्थ्य कर्मचारी को गालियां देने के वायरल ऑडियो के बाद उन्होंने कहा था की यह आवाज उनकी नहीं है। सीएमएचओ कार्यालय द्वारा दिए गए कारण बताओ नोटिस में उन्होंने खुद के बचाने के लिए जवाब में लिखा है कि उस दिन उन्होंने नींद की गोलियां खाई थीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ग्यारसपुर बीएमओ टीएस मीणा के ऑडियो वायरल मामले में शिकायत कमिशनर तक पहुंच गई है। स्थानीय स्तर के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर ग्यारसपुर की बीसीएम रीता सक्सेना ने एक सीडी तैयार कर कमिशनर तक पहुंचाई है और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले ग्यारसपुर स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ टीएस मीणा पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सीएमएचओ कार्यालय से बीएमओ मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, लेकिन उन्होंने तय समय पर नोटिस का जवाब नहीं दिया। बाद में मामला बढ़ता देख एक माफीनामा दिया है। सीएमएचओ पुनीत माहेश्वरी का कहना है कि कारण बताओ नोटिस के जवाब में बीएमओ टीएस मीणा द्वारा दिए गए माफीनामे को वरिष्ठ अधिकारियों को तक भेजकर मागदर्शन मांगा गया है। बीएमओ को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण महिला से अभद्रता करने के बाद भी उन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां इस बात की भी जांच होना चाहिए की उन्हे किस नेता का संरक्षण प्राप्त है। ऐसे नेताओं का चेहरा भी उजागर हो सके जो महिलाओं के साथ अभद्रता करने वालों को भी बचाने का काम करते हैं।

### पहले टीआई ने नहीं लिखी रिपोर्ट, अब कही जांच कराने की बात

फॉलोअप

ऑडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की बीसीएम रीता सक्सेना ने ग्यारसपुर टीआई सीमा राय को आवेदन देने पहुंची थीं, टीआई ने एफआईआर नहीं लिखी। इसके बाद बीसीएम ने ग्यारसपुर ब्लॉक के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों और अधिकारियों के हस्ताक्षर कराकर बीएमओ टीएस मीणा पर एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिया है। आवेदन में करीब 30 से अधिक कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं। जिससे साबित होता है बीएमओ द्वारा अधिकतर कर्मचारियों को प्रताणित किया जाता है।

**निष्पक्ष जांच कराएंगेः** बीसीएम रीता सक्सेना का आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसकी जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। **सीमा राय**, थाना प्रभारी, ग्यारसपुर

### कार्रवाई से बचने झूठ का सहारा ले रहे बीएमओ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

ऑडिया वायरल होने के बाद बीएमओ टीएस मीणा ने एक अखबार के रिपोर्टर को बयान दिया की ऑडिया में जो आवाज है वह उनकी नहीं है। लेकिन सीएमएचओ कार्यालय को जो माफीनामा दिया गया है उसमें कहा गया है कि जिस दिन उन्होंने बीसीएम व एक अन्य कर्मचारी से अमर्यादित भाषा में बात की और महिला स्वास्थ्य कर्मचारी को गालियां दीं उस दिन उन्होंने बहुत सारी नींद की गोलियां खाली लीं थी। बहुत फोन आ रहे थे। इसलिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। कार्रवाई से बचने के लिए बीएमओ झूठ पर झूठ बोलते जा रहे हैं।

### होनी चाहिए बीएमओ की आवाज की जांच

बीसीएम रीता सक्सेना ने कमिशनर को सीडी भेजकर मांग की है कि इस मामले में बीएमओ की आवाज की जांच होना चाहिए। जिससे यह स्पष्ट होगा की वह कार्रवाई से बचने के लिए झूठ का सहारा ले रहे हैं। बीसीएम रीता सक्सेना का कहना है कि माफीनामे में कही गई नींद की गोलियां खाने की बात भी झूठी है। इसकी भी जांच होना चाहिए।

### मार्गदर्शन मांगा

नोटिस के जवाब में बीएमओ टीएस मीणा ने माफीमाना दिया है। जिसमें उन्होंने बहुत सारी नींद की गोलियां खाने के कारण गालियां देने की बात कही है। वरिष्ठ कार्यालय भेजकर मार्गदर्शन मांगा है। - **पुनीत माहेश्वरी,** प्रभारी सीएमएचओ

# तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में मारी टक्कर किसान की मौत

### ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मनोरा और पीपलखेड़ी के बीच गुरुवार रात 12.30 हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मनोरा और पीपलखेड़ी के बीच बुधवार गुरुवार की रात 12:30 बजे दुर्घटना में एक किसान की मौत हो गई।

सागर से विदिशा की ओर जा रहे ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारी। जिसमें बसिया के निवासी रमेश मीना पुत्र दौलत सिंह मीना उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल हुआ। एम्बुलेंस से दो घायलों को ग्यारसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी छुट्टी कर दी गई। मृतक के छोटे भाई भारत सिंह मीना ने बताया कि रात 12: 30 बजे के आसपास बड़े भाई रमेश मीना ट्रैक्टर ड्राइवर संतोष अहिरवार के साथ अपने ट्रैक्टर ट्राली से गेहूं की उपज लेकर विदिशा मंडी जा रहे थे। रास्ते में सागर से आ रहे तेज रफ्तार आईसर ट्रक ने टक्कर मार दी और मौके पर ही मौत हो गई । मौके पर पहुंची हंड्रेड डायल ट्रक में बैठी घायल सवारी और ट्रैक्टर ड्राइवर को लेकर अस्पताल पहुंचे। ट्रक ड्राइवर और क्लीजर मौके से हुए फरार हो गए। ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# अवैध सागौन व फर्नीचर जब्त

**विदिशा।** शमशाबाद में वन विभाग ने गुरुवार को ग्राम पीपलदार में दो स्थानों पर छापेमारी की गई। टीम ने अवैध फर्नीचर निर्माताओं के यहां दबिश दी और लगभग एक लाख रुपए मूल्य की अवैध सागौन की लकड़ी जब्त की।

फर्नीचर बनाने के उपकरण, मशीन और कटर भी जब्त किए गए।वन विभाग ने ग्राम वरदा के ईंट भट्टों पर भी छापेमारी की। यहां से जलाऊ सटकट लकड़ी जब्त की गई। वन विभाग ने दोनों मामलों में वन अपराध के प्रकरण दर्ज कर लिए हैं।संग्रामपुर से भी अवैध सागौन जब्त की गई थीवन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले ग्राम संग्रामपुर से भी अवैध सागौन जब्त की गई थी। वन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। छापेमारी के दौरान शमशाबाद रेंजर संगीता अमलतास के साथ डिप्टी रेंजर और वन रक्षक मौजूद थे। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि वन संपदा की सुरक्षा के लिए भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# बच्चे बोले : कुत्तों का आतंक है, जब घर से निकलते हैं तो पीछे पड़ जाते हैं, विधायक ने कहा पकड़वा देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



गांव चलो बस्ती चलो वार्ड चलो अभियान के साथ ही आपके विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड 23 में भ्रमण कार्यक्रम किया।

विधायक द्वारा घर-घर पहुंचकर नागरिकों से संवाद किया दौरे के दौरान स्कूल में पढ़ने वाले छोटे बच्चे सत्यम राठौर ने विधायक को बताया कि यहां पर कुत्तों का आतंक है। जब घर से निकलते हैं तो कुत्ते पीछे पड़ जाते हैं काटने का डर रहता है। शिकायत पर विद्यायक ने मौजूद अधिकारियों को कुत्ता पकड़ने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान मोहल्ला वासियों ने सफाई कर्मी सुरेश वाल्मीकि के कार्य की प्रशंसा की। विधायक द्वारा सफाई कर्मचारी पुरस्कृत करने की घोषणा की एवं घर घर पहुंचकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, आनंद जैन, पंकज पांडे, छत्रपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, पार्षद प्रतिनिधि जमना कुशवाह संतोष सोनी मौजूद रहे।

### न्यायालय में मौन धारण कर घटना की निंदा की

**विदिशा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को जिला न्यायालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा रखी गई। न्यायालय के सभी न्यायाधीश, कर्मचारी और आम नागरिकों ने इसमें भाग लिया। शहीदों की आत्मा की शांति के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखा। सभा में आतंकी घटनाओं को रोकने की मांग उठी। नितिन सिंह तोमर ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने दिवंगत आत्माओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सभी न्यायिक अधिकारियों ने एकजुट होकर इस घटना का विरोध किया। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। उन्होंने कहा दुख की घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

# सिंचाई का रकबा बढ़ाने जिपं अध्यक्ष ने की बैठक

### सिंचित रकबे को 69 हजार 175 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख 39 हजार 140 हेक्टेयर तक किया जा सकता है

- प्रेशराइज्ड माइक्रो सिंचाई प्रणाली पर चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा जिले के सिंचित भूमि के रकबे को बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने जिला पंचायत सीईओ एवं सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में नहरों द्वारा प्रेशराइज्ड माइक्रो सिंचाई प्रणाली के माध्यम से सिंचाई की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री चौहान के अनुसार इस प्रेशराइज्ड माइक्रो सिंचाई प्रणाली से जिले के सिंचित रकबे को 69 हजार 175 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख 39 हजार 140 हेक्टेयर तक किया जा सकता है एवं इसमें लगभग 2 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी।

श्रीमति रघुवंशी ने घटेरा तालाब, केशरी बैराज, दरगंवा बांध और दानमढ़ी बांध सहित अन्य जलस्त्रोतों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य करने एवं उन्हें प्रेशराइज्ड माइक्रो सिंचाई प्रणाली से जोड़ा जाएं। जिससे सिंचित रकवा ढाई गुना बढ़ाया जा सकता है। बेतवा नदी पर गुलाबगंज, बासौदा और नेशनल हाईवे से बागरोद तक के असिंचित क्षेत्रों को सिंचित करने की योजना पर भी विचार-विमर्श किया गया।



आगामी सिंचाई सीजन से पहले करारिया सहित अन्य स्थानों पर क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्यपालन यंत्रियों से सिंचाई एवं लोकहित से जुड़े सभी लंबित प्रस्तावों की प्रतियाँ उपलब्ध कराने को कहा, ताकि वरिष्ठ कार्यालय से उनकी स्वीकृति हेतु शीघ्र कार्रवाई की जा सके। इस बैठक से जिले में सिंचाई व्यवस्था में सुधार और कृषि उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाने की उम्मीद है।

### मशाल जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

**विदिशा।** पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार शाम 7 बजे स्वामी विवेकानंद चौराहे पर मशाल जलाकर आतंकी देश पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। ध्रुव चतुर्वेदी ने बताया कि मशाल जलाकर हमने अपनी क्रोध की अग्नि को दर्शाया है और इस हमले से ये सिद्ध हो गया कि आतंकवाद का मजहब होता है। चूंकि हमलें में प्रत्येक भारतीय से उसका धर्म पूछ कर गोली मार दी , कलमा पड़ो नही तो मरो ये स्पष्ट करता है कि आतंकवाद का मजहब होता है ध्रुव चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि इस मजहबी मुल्क को दुनिया के नक्शे से साफ कर दिया जाए । ब्राह्मण महापंचायत संयोजक मोनू दुबे ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि इन जहरीले जिहादी सांपों को और इन्हें दूध पिलाने वालों को चुन चुन कर मार देना चाहिए। इस आक्रोश प्रदर्शन में अनेक सनातन युवा रूप से उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर पर प्रशासनः कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खुद चलाया ट्रैक्टर, रोटावेटर से दिया 'नरवाई नहीं जलाने' का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर प्रशासन गंभीर नजर आ रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को विदिशा तहसील के ग्राम वन में खेत में ट्रैक्टर चलाकर रोटावेटर से नरवाई प्रबंधन कर किसानों को जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने खेतों में नरवाई जलाने की बजाय उसे मिट्टी में मिलाकर जैविक खाद में बदलने की प्रक्रिया को अपनाने पर बल दिया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने प्रगतिशील कृषक सुजीत देवलिया के खेत में पहुंचकर गेहूं की कटाई के बाद बची हुई नरवाई का अवलोकन किया और किसानों से सीधा संवाद कर समझाया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषण और मृदा की उर्वरकता दोनों प्रभावित होते हैं। इस दौरान उन्होंने स्वयं ट्रैक्टर में बैठकर खेत में रोटावेटर चलाया और खेत में तकनीकी तरीके से अवशेष प्रबंधन किया।



**विदिशा।** खेत की नरवाई को मिट्टी में मिलाने के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खुद ट्रैक्टर चलाकर किसानों को जागरुक किया।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि नरवाई को खेत में मिलाने से भूमि में जैविक तत्वों की वृद्धि होती है और फसल की पैदावार में सुधार आता है। प्रशासन द्वारा गांव-गांव में चौपालों और कार्यशालाओं के माध्यम से भी किसानों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि नरवाई जलाने की प्रथा पर रोक लगाई जा सके।

# यूपीएससी में चयनित प्रशांत धाकड़ को कलेक्टर और एसपी ने दी बधाई



**विदिशा।** यूपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित कर विदिशा जिले का नाम रोशन करने वाले ग्राम पाली शमशाबाद निवासी प्रशांत धाकड़ को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने बधाई दी है। प्रशांत ने अपनी पहली ही कोशिश में 596वीं रैंक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है।गुरुवार को प्रशांत ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रशांत की सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणास्पद बताया।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने भी थाना यातायात कार्यालय में प्रशांत को सम्मानित किया और उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रशांत की यह उपलब्धि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है, जो जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव- 3705
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2315
उच्चतम भाव- 2950
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2380
उच्चतम भाव- 2448
चना
न्यूनतम भाव-4050
उच्चतम भाव-6600
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3680
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3075
बटरी
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3100
अलसी
न्यूनतम भाव-6800
उच्चतम भाव-7030
मसूर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-6440
धनिया
न्यूनतम भाव-5050
उच्चतम भाव-6310
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7280
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3010
उच्चतम भाव-4430
मूंग
न्यूनतम भाव-2160
उच्चतम भाव-2160

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 33247 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## धूलभरी तेज आंधी ने वाहन चालकों का रोका रास्ता ...



**गंजबासौदा।** समीपस्त ग्राम हतोड़ा में दोपहर के समय लोग खड़े होकर देखते रहे कि आखिर इतनी तेज आंधी अचानक कैसे आ गई। लोग जहां खड़े थे वहीं खड़े होकर रह गए, हतोड़ा के नजदीक धूल भरी आंधी आई कि उसके साथ कई पेड़ गिरकर धराशाई हो गए।

## भागवत ज्ञान गंगा में सुनाया कृष्ण रुकमणी विवाह प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वार्ड क्रमांक 5 बिजासन माता मंदिर में मातृशक्ति महिला मंडल द्वारा एवं जन सहयोग से मंदिर में चल रही सप्त दिवसीय भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ में पंडित सुनील शास्त्री द्वारा आज भगवान कृष्ण एवं रुकमणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया।

महाराज ने कहा कि रुकमणी का भाई रूकवी भगवान कृष्ण एवं रुकमणी विवाह के खिलाफ था। रुकमणी का विवाह अपने मित्र शिशुपाल से जबरदस्ती करवाना चाहता था। किंतु रुकमणी द्वारा भगवान को याद करते हुए उनका वरण कर लिया गया था। इसके बाद भगवान कृष्ण द्वारा रुकमणी के साथ विवाह कर लिया गया। कथा प्रसंग में भगवान कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान कृष्ण और सुदामा जब जंगल में लकड़ी लेने जा रहे थे तब उनकी गुरु माता द्वारा उनको रास्ते की भोजन के लिए चने दिए गए थे। किंतु जंगल में बारिश अधिक होने से सुदामा को भूख अधिक लगने से के कारण उन्होंने पहले तो अपने हिस्से के चने खा लिए और इसके बाद भगवान कृष्ण के हिस्से के चने भी खा लिए और भगवान कृष्ण द्वारा जब पूछा गया कि यह कड़कड़हाट की आवाज कैसी है, तो सुदामा ने कहा कि तेज बारिश के कारण यह कड़कड़ाहट की आवाज आ रही है। कथा प्रसंग में बताया कि भगवान कृष्ण द्वारा मथुरावासियों को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए कंस का वध किया गया। कथा पश्चात भगवान की आरती की गई एवं प्रसादी वितरित की गई। कथा में श्रोताओं एवं मुख्य यजमान सहित पूर्व नपा अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, राजेश तिवारी, रवि शंकर लोहिया, आरती श्रीवास्तव, मधुलता अग्रवाल, ओमप्रकाश चौरसिया सहित कई भक्तों ने मंदिर प्रांगण के अधूरे निर्माण एवं प्लास्टर के लिए दान स्वरूप राशि भेंट की।



### पहलगाम की घटना के बाद थम नहीं रहा है देशवासियों का आक्रोश

# पाकिस्तान का झंडा जलाकर की आतंकियों को फांसी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पहलगाम में हुई आतंकी घटना को लेकर देश भर में आक्रोश चरम पर है और नगर में भी सभी समाज, संगठन, नागरिक अपने अपने तरीके से इस घटना का विरोध करते हुए आतंकियों और उसके संरक्षकों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

इसी को लेकर गुरूवार को सर्व हिन्दू समाज ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपा। आतंकवादियों को फांसी देने की मांग को लेकर पहले जय स्तंभ चौक पर प्रर्दशन किया गया और आतंकवाद के पुतले के साथ पाकिस्तान के झंडे को भी आग के हवाले कर मोदी सरकार से पाकिस्तान के समूल नाश करने की मांग की गई। इसके बाद सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पहलगाम में हिन्दू पर्यटकों के साथ बर्बरतापूर्वक हुई घटना का विरोध करते हुए आतंकवादियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि दुख का विषय है कि भारत में धर्म पूछकर हिन्दू होने पर उनकी निर्मम हत्या कर दी जाती है। आतंकवादियो द्वारा नरसंहार हिन्दुओ के साथ ही किया है इससे यह स्पष्ट है कि आतंकवादी के मनसूबे हिन्दुओं एवं गैर मुस्लिमो की हत्या करने के लिये ही षडयंत्र किये जा रहे हैं। जम्मू कश्मीर भारत का अंग है जिसमें खुले आम हिन्दुओ की हत्या की जा रही है वह दिन दूर नहीं कि जब इस प्रकार की घटनाएँ अन्य राज्यो में भी घटित हो सकती है। उक्त घटना पर ईंट का जबाब पत्थर से दिया जाना चाहिए। संतो ने भी इस बात का उल्लेख किया है कि जैसे को तैसी भाषा में समझाना चाहिये इसलिये ऐसे विधर्मी आतंकवादियो को घर में घुसकर पूर्ण विनाश भारत सरकार को करना चाहिये जिससे भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना हिन्दुस्तान में हिन्दुओं के साथ घटित न कर सकें एवं देश में बैठे हुये आस्तीन के सांपों को भी ढूंढकर पूर्ण विनाश करना चाहिये। ऐसे आतंकवादियों एवं देशद्रोहियो का संरक्षण करने वालो पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जावे। जिससे सर्वसमाज निर्भयता से पूर्ण स्वतंत्रता से अपना जीवन यापन कर सकें।





उधर शाम के समय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, राजेश तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पहलगाम की घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला और जयस्तंभ चौक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दोषियों और उनके संरक्षकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

उधर इससे पूर्व मुस्लिम समाज ने भी आतंकवाद का पुतला दहन किया था और इस हमले में जो लोग शामिल हैं उनके खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई करने कि मांग करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने कि मांग की थी।

वहीं जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए नरसंहार में शहीदों को पुष्पांजलि देने विकासखंड के अधिकारी व कर्मचारी जनपद पंचायत परिसर में एकत्रित हुऐ। तत्पश्चात शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जनपद सीइओ भगवान सिंह ,पृथ्वीसिह रघुवंशी, शफाकत हुसैन कादरी, विनोद श्रीवास्तव, अमर सिंह तोमर आदि मौजूद थे।

## यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को यातायात पुलिस द्वारा नगर सहित हतोड़ा में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सुबह शाम जय स्तंभ चौराहे पर तो पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की जाती है, लेकिन इन दिनों कृषि उपज मण्डी में आ रही भीड़ को देखते हुए हतोड़ा पर चेकिंग पॉइंट लगाकर तीन सवारी एवं बगैर हेलमेट के मोटरसाइकिल चालकों और चार पहिया वाहनों को रोककर उन पर चालानी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग अभियान के दौरान चालान बनाने के साथ-साथ समझाइए भी दी जा रही है। वहीं नगर के मुख्य मार्गों पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े दो पहिया वाहनों पर भी जुर्माने की कार्रवाई की गई। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 8 दो पहिया वाहनों सहित सड़क किनारे खड़े दो पहिया वाहन चालकों से 3200 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

### सरिया से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

**गंजबासौदा।** गुरुवार को भड़ेरू रेलवे फाटक के पास सरिया लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली दोपहर के समय अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ट्राली में सरिया भरा था आवागमन के दौरान ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर पलट गई।

## खबर संक्षेप

### जयंती बाई जैन का निधन



**गंजबासौदा।** प्रकाशचंद जैन केवलारी वालों की पत्नी एवं सुधीर जैन, अरविंद जैन, रिषभ जैन की माताजी जयंती बाई का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को शाम के समय निज निवास पाराशरी विश्राम घाट को निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### युवक ने लगाई फांसी

**गंजबासौदा।** गुरुवार को नया बस स्टैंड क्षेत्र महाराणा प्रताप चौक के आगे मनीष साध्य ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पीएम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## अंबानगर पर पुलिस ने लगाया चेतना शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को देहात थाना प्रभारी आशुतोष सिंह के नेतृत्व में अंबानगर चौराहा पर जन चेतना शिविर लगाया गया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीण जनों को जागरुक किया गया।

## बीती रात एसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बीती रात एसपी रोहित कासवानी ने कांबिंग गश्त की औचक जांच की। एसडीओपी मनोज मिश्रा ने बताया कि पुलिस द्वारा रात्रि के समय कांबिंग गश्त की जाती है। इसी के औचक निरीक्षण के लिए बीती रात एसपी रोहित कासवानी यहां आए थे। इस दौरान उन्होंने सिटी थाना, देहात थाना सहित आसपास के थानों का निरीक्षण किया और गश्ती पाइंटों पर पहुंचकर ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों से भी चर्चा की। साथ ही पुलिस को आने वाली समस्याओं एवं परेशानियों को भी जाना। इस निरीक्षण के बाद उन्होंने क्षेत्र की रात्रि गश्त पर संतुष्टि जाहिर की। साथ ही इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने इलाके में नियमित सघन गश्त करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के संबंध में पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए। रात करीब डेढ बजे तक एसपी क्षेत्र में रहे और उसके बाद आसपास के थानों का निरीक्षण करते हुए वापस विदिशा के लिए रवाना हो गए।



## वाचनालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक समिति तत्वावधान में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के सदस्य दीपक तिवारी द्वारा किया गया। वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस एक वैश्विक चेतना का प्रतीक बन गया है। यह दिन पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यूनेस्को सम्मेलन में पहली बार शांति कार्यकर्ताजन मेककोलेन ने पृथ्वी दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। सबसे पहली बार 22 अप्रैल को संयुक्त राज्य अमेरिका में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इसके बाद वर्ष 1990 में विश्व स्तर पर इसे मानने की का प्रस्ताव रखा जिसमें 141 देशों ने भागीदारी की। तब से प्रतिवर्ष पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। उपस्थित सभी सदस्यों को पृथ्वी को हरा भरा बनाने हेतु पौधरोपण करने का संकल्प दिलाया। तत्पश्चात वरिष्ठ पूर्व पार्षद अतुल नेमा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस साल की थीम है हमारी पृथ्वी हमारा ग्रह पृथ्वी दिवस हमारे ग्रह को समर्पित एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। यह पर्यावरण की ओर ध्यान आकर्षित करता है और जलवायु संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देता है। हमें पौधे लगाना चाहिए एवं प्लास्टिक का उपयोग कम से काम करना चाहिए। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया।

### सिटी थाना पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

# नाबालिग से दुष्कृत्य करने वाला पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस सिटी थाना पुलिस में फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 7 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी कृष्णपाल केवट द्वारा अनुचित कृत्य किया गया। उक्त रिपोर्ट पर शहर थाना में धारा 65(2) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मनोज कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परमार के नेतृत्व में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा सतत् प्रयास करते हुए आरोपी की पतारसी की गई। विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी कृष्णपाल केवट उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 7 चार खंभा वाली गली को बैहलोट बायपास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी का मेडीकल कराकर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नपाध्यक्ष ने गंजबासौदा आने का दिया निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरूवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से गंजबासौदा नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने भोपाल पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका द्वारा नगर में कराए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और सरकार द्वारा जनहितैषी कार्यों के लिए किए जा रहे सहयोग पर आभार व्यक्त किया। साथ ही सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन से भी उन्हें अवगत कराया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री को गंजबासौदा आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

## नए बस स्टैंड पर खोके रखकर कर लिया पक्का कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के बरेठ रोड स्थित नया बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों ने अवैध रूप से खोके और गुमठी रखकर कब्जा कर लिया है। जिससे बस से यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड परिसर का अतिक्रमण दिन व दिन बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में सुबह से लेकर शाम में खास तौर से महिलाओं और बच्चों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं शाम के बाद यात्री प्रतीक्षालय पर और उसके आसपास अतिक्रमण कर लिया जाता है। पास में खुली होटलों एवं ढाबों पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे महिलाओं और आने-जाने वाले यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमणकारी खाली पड़ी शेष जगह पर धीरे-धीरे खोके रखकर बाद में पक्के निर्माण कर उसमें अवैध गतिविधियां संचालित करने लगते हैं। हालात यह हैं कि पूरा बस स्टैंड अतिक्रमण से भर चुका है लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं और वह आसपास में खाली स्थान देखकर खोके रखकर उन पर कब्जा करने में लगे हैं।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह की तैयारियों की एसडीएम ने की समीक्षा

**सिरोंज।** नगर की कृषि उपज मण्डी में 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह - निकाह कार्यक्रम की तैयारियो को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने समस्त विभागो के अधिकारियो की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने समस्त अधिकारियो - कर्मचारियो को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह - निकाह की तैयारियो में गंभीरता दिखाए और समय से पहले ही पूर्ण तैयारियो की जाए। वही उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह - निकाह के लिए अभी तक नगर पालिका व जनपद पंचायत में 180 आवेदन प्राप्त हो चुके है।

### उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के लाभ के लिए पंजीयन

**सागर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत उद्यानिकी विभाग के माध्यम से फल उद्यान ड्रिप लाइन मिनी स्प्रिंकल, पोर्टेबल स्प्रिंकलर, प्लास्टिक मल्चिंग, सब्जी क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र, पुष्प क्षेत्र विस्तार आदि के पंजीयन उद्यानिकी विभाग के माध्यम से इस लिंक कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

### विश्व मलेरिया दिवस आयोजन आज

**सागर।** विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) का मुख्य उद्देश्य है कि मलेरिया बीमारी से लोगों को जागरूक कर एवं उनकी जान की रक्षा करना यह दिवस मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, उसके निवारण और नियंत्रण के लिए मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष विश्व मलेरिया दिवस मनाने का उद्देश्य मलेरिया को नियंत्रित करने के विश्वव्यापी प्रयासों को मान्यता देता है। विश्व स्तर पर कुल 106 देशों में 3.3 विलियन लोगों को मलेरिया का खतरा होता है। मलेरिया एक खतरनाक बीमारी है विकास शील देषों में मलेरिया कई मरीजों के लिए मौत का पैगाम लेकर आता है।

### जिला हज कमेटी ने टीके लगाने आई टीम का किया सम्मान

# हज के लिए 118 यात्रियों ने सिरोंज में वैक्सिनेशन कराकर लिया प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मप्र राज्य हज कमेटी के निर्देशानुसार विदिशा जिले से सन 2025 में हज पर जाने वाले हज यात्रीयों का जिला स्तरीय टीकारण एवं प्रशिक्षण जिला हज कमेटी विदिशा के अध्यक्ष सैयद नदीम अली द्वारा सिरोंज स्थित लेक सिटी कालोनी हॉल में आयोजित किया गया। सुबह 9 बजें से प्रारम्भ हुए टीकारण एवं प्रशिक्षण में सुबह से ही जिले कि विभिन्न तहसीलो से आए हज यात्रीयों ने टीके लगवाए एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस अवसर पर जानकारी देते हुए जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ रजी खान ने बताया कि जिले से हज यात्रा पर जाने वाले 133 हज यात्रीयों में से 118 ने सिरोंज में टीके लगवाए एवं ट्रेनर डॉ फारूख बैग से प्रशिक्षण प्राप्त किया शेष 15 साथीयों को विदिशा में 27 अप्रैल को टीके लगाए जाएंगे एवं ट्रेनर अब्दुल वाहब द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में मप्र राज्य हज कमेटी द्वारा नियुक्ति ट्रेनर डॉ फारूख बैग द्वारा सभी को हज यात्रा से संबंधित सावधानीया बताई एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी।

#### टीकाकरण करने आई टीम का काम काबिले तारीफ

इस अवसर पर जिला हज कमेटी के अध्यक्ष सैयद नदीम अली द्वारा जिला टीकाकरण अधिकारी से साथ टीके लगाने आई स्वास्थ विभाग की टीम के दस सदस्यों का माला पहनाकर एवं रूमाल देकर सम्मान किया गया। वही उन्होने कहा कि स्वास्थ विभाग का स्टाफ हमेशा सभी की सेवाएं करता है चाहे कितनी ही गर्मी हो,सर्दी हो या बारिश ऐसे स्टाफ का हेमशा सम्मान करना चाहिए। टीकारण में जिला टीकाकरण अधिकारी के साथ पूरी टीम जिस तरह समय पर आई और पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ जो काम किया वो तारीफे काबिल है।

#### पूर्व अध्यक्ष सहित खिदमत करने वालों का किया सम्मान

*इस दौरान जिला हज कमेटी द्वारा पहली बार पूर्व जिला हज कमेटी अध्यक्ष निजाम मंसूरी का उनके अच्छे कार्यकाल को लेकर सम्मान किया गया। साथ ही हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को प्रशिक्षण एवं अन्य तरह से सहयोग करने वाले खिदमतगारों का भी सम्मान किया। जिसमें निजाम मंसूरी,हबीब अंसारी,डॉक्टर फारूख बेग,अब्दुल वहाब जुनेद,अथर कुरैशी, एडवोकेट शोएब खान आदि सहित जिला हज कमेटी के अध्यक्ष ने हज यात्रीयो की सेवा में लगे लोगो से कहा कि हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रीयां की हमें खिदमत इसी तरह करना चाहिए। खिदमत के मामले में सिरोंज अव्वल है साथ ही मप्र राज्य हज कमेटी के चैयरमेन रफत वारसी भी हमेशा से ही खिदमत में आगे रहे है और हमे भी ऐसे ही निर्देश देकर मार्गदर्शित करते है। सैयद नदीम अली ने सिरोंज जिला हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष निजाम मंसूरी के कार्यकाल की भी सरहाना करते हुए कहा कि आज जिला हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष निजाम मंसूरी,हबीब अंसारी,एडवाकेट शोएब खान,अथर कुरैशी,अब्दुल वहाब,डॉ हकीम फारूख बैग आदि के मार्गदर्शन में यह सफल टीकारण कैम्प का आयोजन हुआ। जिसमें विगत कुछ वर्षो में एक ही कैम्प में कम समय में सर्वाधिक टीके लगो। इस दौरान जिला हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष निजाम मंसूरी, जिला हज कमेटी अध्यक्ष सैयद नदीम अली,सचिव आमिर खान, मिर्जा हबीब बैग,अथर कुरैषी,हबीब अंसारी,एडवाकेट शोएब खान,अब्दुल वाहब खान,अमीन मंसूरी,डॉ.फारूख बैग,समद इकबाल,हाजी सत्तार मंसूरी,जिला हज कमेटी सदस्य मौलवी अलीम,ताहिर मंसूरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।*

# जैन मंदिर ही क्यों सभी गैर कानूनी धार्मिक स्थलों को तोड़ा जाएः हार्दिक

### हुंडिया ने पीएम, गृहमंत्री और महाराष्ट्र सीएम को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



मुंबई के विले पार्ले पूर्व में स्टेशन के पास एक दिगम्बर जैन मंदिर टूटा, एक बार तो हमको भी बहुत गुस्सा आया की नरेंद्र मोदी की भारत में सरकार, महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की सरकार में कोई भी संप्रदाय के धार्मिक स्थल टूट जाए। हम मान भी नहीं सकते। लेकिन देश में सुशासन चलाना है तो नामदार न्याय व्यवस्था का भी पालन करना पड़ेगा। यदि मंदिर ग़ैर क़ानूनी है और कोर्ट का आदेश है तो भूल मंदिरों का संचालन करने वालों की है। सुनने में ये भी आया है की ४ बार कोर्ट का ऑर्डर तोड़ने का आया था तो मंदिर के ट्रस्टियों ने क्यों कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की। यह बात आईजा के राष्टीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कही। वही उन्होने कहा कि मेरा मंदिर के संचालकों से सवाल है कि आप ख़ुद के लिए घर ख़रीदते हो तब पूरी खोज करके मकान ख़रीदते हो तो परमात्मा के मंदिर के लिये जब जगह ख़रीदते हो, मंदिर बनाते हो तब भी क़ानून का ख्याल रखना चाहिये जैसे आप ख़ुद का घर ख़रीदते हो। देश की मोदी सरकार और महाराष्ट्र सरकार ध्यान दे और जितने भी गैर कानूनी धर्म स्थल हैं वो तोड़ दिए जाए फिर वो किसी भी धर्म का हो। देश का कोई भी धर्म प्रेमी नहीं चाहेगा की अपने-अपने इष्ट देव ग़ैर क़ानूनी जगह पर बैठे। किसी भी संप्रदाय का धर्म प्रेमी ये ही चाहेगा की मेरे भगवान तो क़ानूनी जगह पर बैठेंगे, जैसे हम अपने घरों में बैठे है। यदि गैरेज में भी भगवान बैठे हैं तो वो भी हमे ग़लत काम नहीं करना चाहिये, ख़ुद बड़े बड़े फ़्लैट में रहते है और भगवान को गैरेज में। तो फिर हम कैसे धर्म प्रेमी। हार्दिक हुंडिया का कहना है कि ये राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, पैगम्बर, यीशू को मानने वाला देश है जो धर्म में तो कभी भी ग़ैर क़ानूनी काम करने की सलाह कोई धर्म नहीं देता है। हार्दिक हुंडिया ने मांग की है कि देश में महाराष्ट्र में जितने भी ग़ैर क़ानूनी स्थल है सब तोड़ कर उनमे बैठे इष्ट देव को सही जगह स्थापित किया जाए जिससे भारत माता की पवित्र भूमि की पवित्रता बनी रहे।

### जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजन कर जल संरक्षण करने क़ी शपथ दिलाई

**सागर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सागर द्वारा ग्राम पंचायत कुडारी में ग्राम विकास प्रसफुटन समिति ने जल भजनो के माध्यम से ग्राम वासियो को जल जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया इस कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अंजली पाठक ने मप्र शासन द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान क़ी जानकारी ग्रामीणों को दी और जल संरक्षण के महत्व के बारे मे विस्तार से बताते हुये वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने और उसको सहेजने के तरीको को बताया, साथ ही ग्राम के प्राकृतिक जल स्त्रोतो को संरक्षित करने और उसका सही प्रबंधन करने के वारे में समझाया स परामर्शदाता नीरज व्यास ने ग्राम वासियो को जल संरक्षण क़ी शपथ दिलाई गई।

**पहलगाम में आंतकी हमला**

## हर ओर रोष, अधिवक्ता संघ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटक की हत्या को लेकर अधिवक्ता संघ सिरोंज के अध्यक्ष कपिल त्यागी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई नृशंस बर्बरता पूर्ण की गई हत्याओं की अभिभाषक संघ घोर निंदा करता है। भारत सरकार से इस कायरता पूर्ण कृत्य के विरोध में शीघ्र अति शीघ्र उचित कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी, सचिन, हेमू श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण श्रीवास्तव, रामस्वरूप यादव, अशोक शर्मा, राम सूर्यवंशी, मितेश गुजराती, प्रवेंद्र दागी, प्रकाश शर्मा, काशीराम रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी अमित रघुवंशी, जाहिद खान, सचिन शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## गेहूं उपार्जन में अनिमिताएं पाए जाने के बाद उपार्जन केन्द्र को किया बंद

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के आदेशानुसार प्राथमिक साख सहकारी समिति सौरई एवं भेडाखास में गेहूं उपार्जन में अनिमिताएं पाये जाने पर उपार्जन केन्द्र को किया बंद किया गया एवं आगामी 4 वर्ष के लिए उपार्जन कार्य से ब्लेक लिस्टेड किया गया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ उपार्जन केन्द्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, भेड़ाखास, कोड 56310402 स्थल फेडरेशन एफ-4 बंडा मंडी तहसील बंडा की 07 अप्रैल को अनुविभागीय अधिकारी बण्डा, भाखानि के गुणवत्ता नियंत्रक, उपसंचालक कृषि, शाखा प्रबंधक म.प्र.लॉ.का. बण्डा. निगम के केन्द्र प्रभारी बण्डा तथा उपार्जन प्रभरी जिला प्रबंधक म.प्र.स्टे.सि.सप्ला. सागर द्वारा जांच की गई जांच में गोदाम में उपार्जित गेंहूँ के लगाए जा रहे स्टेक में एफएक्यू, चमक विहीन गेंहूँ के साथ अमानक गेंहूँ, को पृथक-पृथक स्टेकिंग न करते हुए संयुक्त रूप से स्टेकिंग किया जाना पाया गया। स्टेक क्रमांक-2 में निर्धारित मापदण्ड से अधिक नमीयुक्त गेंहूँ स्कंध पाया गया।

# स्टॉटअप, नवाचार व उद्यमिता विषय पर संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल एवं कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्टॉटअप, नवाचार एवं उद्यमिता विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजीव कुमार मजूमदार को आमंत्रित किया गया। डॉ. मजूमदार वर्तमान में राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम, नई दिल्ली में वरिष्ठ प्रबंधक और प्रौद्योगिकी प्रमुख (नई सुविधाएं) के पद पर कार्यरत हैं, जो भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के अंतर्गत एक उद्यम है।

डॉ. मजूमदार ने विवि में विभिन्न शोध कार्यों का पेटेंट कराने संबंधी प्रक्रिया एवं उसमें उनकी संस्था राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम की भूमिका की जानकारी दी साथ ही इन शोध कार्यों को स्टार्टअप के माध्यम से प्रोडक्ट में परिवर्तित करने पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. मजूमदार द्वारा विद्यार्थियों से उनके स्टार्टअप के विचारों के संबंध में जाना तथा उन्हें उनके संबंध में उचित सलाह भी प्रदान की। इस संवाद कार्यक्रम में भाग लेने हेतु विद्यार्थी काफी उत्साहित रहे तथा उन्होंने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग के विभागाध्यक्ष तथा प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल कोऑर्डिनेटर डॉ. अभिषेक बंसल द्वारा डॉ. मजूमदार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा बताया कि प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल की संरक्षक कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के निर्देशानुसार स्टार्टअप पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल द्वारा चलाए जा रहे निरंतर प्लेटफार्म के

# कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में आयोजित हुआ

**विदिशा।** टेक्नो उत्सव 2025 सती पॉलिटेक्निक कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में टेक्नो उत्सव 2025 का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।

जिसमें छात्रों ने तकनीकी प्रोजेक्ट डेमोंस्ट्रेशन के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवीन गोयल सर एवं मुख्य अतिथि डॉ. सुनील जोशी असिस्टेंट प्रोफेसर सती इंजिनियरिंग कॉलेज जज के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लेक्चरर प्रमोद गोयल एवं जितेन्द्र रघुवंशी ने सफलतापूर्वक किया। सीएसई विभाग के विभागाध्यक्ष दीपेश यादव ने समापन पर सभी का आभार व्यक्त किया और छात्रों को उनके भविष्य हेतु मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

मुख्य अतिथि डॉ. सुनील जोशी सर ने सीएसई डिप्लोमा के उज्ज्वल भविष्य पर विस्तृत उद्बोधन दिया, जिससे छात्रों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। प्राचार्य द्वारा तकनीकी ,साइबर क्राइम ,आईओटी मशीन लर्निंग में बढ़ते हुए प्रभाव पर प्रकाश डाला एवं कंप्यूटर ब्रांच के बढ़ते स्कोप को छात्रों को बताया।

प्रोजेक्ट डेमोंसट्रेशन में 9 बैचों द्वारा हिस्सा लिया जिसमें ,स्मार्ट इरीगेशन सिस्टम को प्रथम पुरस्कार मिला जिसमें अनन्या शर्मा , प्राची शर्मा, अंजलि चौकसे, अंजलि सेंगर, ऋषिका मालवीय, माधवी पटेल, कनक श्रीवास्तव विद्यार्थी शामिल थे, द्वितीय पुरस्कार स्मार्ट डस्ट बिन को मिला जिसमें योगेश बेरोडे,अमित डिग्रसे, पवन बरपेथे, महेश कावड़कर, सिब्टन रजा विद्यार्थी शामिल थे । तृतीय पुरस्कार स्मार्ट लॉकिंग सिस्टम और रडार सिस्टम को मिला जिसमें हेमलता बघेल, प्रवीण पटेल, सपना सिलावट, वरुण शर्मा, तान्या साहू, सिद्धांत शर्मा,यश बाजपेई,भावेश साहू, देव साहू, आर्यन यादव और मोहित मिश्रा विद्यार्थी शामिल थे। प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम की सफलता में सभी का योगदान की सराहना की।

## लाखों रुपए लेकर भागे युवक को कोर्ट ने भेजा जेल, लंबे समय से चल रहा था फरार

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में सहारा एजेंट के रूप में काम करने वाले एक युवक ने करीब 20 लोगों से 30 लाख से भी अधिक रुपए लेकर भाग गया था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पैसे लेने के बदले उसने लोगों को चेक दिए थे इन्हीं चेक के बाउंस होने के मामले में सुलभ पिता लोकेश जैन संधेलिया निवासी टैगोर वार्ड कोर्ट में पेश हुआ था । जिसमें एक मामले में उसे जमानत मिली लेकिन दूसरे मामले में जेल भेज दिया गया। वहीं सुलभ कि गढ़ाकोटा में वापसी होने के बाद वह लोग भी सक्रिय हो गए हैं जिन्हें वह चेक थमा कर पैसे लेकर भाग गया था। बताया जाता है कि यह युवक रायपुर में था। जानकारी के अनुसार चेक बाउंस में फरार आरोपी ने बुधवार कि सुबह न्यायालय में समर्पण कर जमानत आवेदन प्रस्तुत किया था जिसमे आरोपी को जमानत मिल गई थी लेकिन एक अन्य चेक बाउंस के मामले में जिसमे वह आरोपी फरार एवं स्थाई वारंटी था को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुलभ जैन साधेलिया द्वारा गढाकोटा नगर के लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों से लाखों रूपए चैक देकर पैसा लिया ओर रायपुर भाग गया था।

# 1 एएसपी, 6 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी ने संभाला मोर्चा, 786 अपराधियों के घर पहुंची

**अपराधियों पर कसा शिकंजा, शराब, गांजा और हथियार भी जब्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में अपराध पर लगाम कसने हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में बीती रात 350 पुलिसकर्मियों की टीम ने जिलेभर में सघन नाइट कॉम्बिंग गश्त की।

अभियान में 1 एएसपी, 6 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।गश्त के दौरान पुलिस ने 786 अपराधियों के ठिकानों पर दस्तक दी और 27 स्थायी, 122 गिरफ्तारी और 80 जमानती वारंटों की तामीली की। अवैध शराब के 21 प्रकरणों में 65.44 लीटर शराब जब्त की गई। वहीं, 5.1 किलो गांजा और दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई, जिसकी कुल कीमत 1.80 लाख आंकी गई। पुलिस ने 136 हिस्ट्रीशीटर, 192 गुंडा बदमाश, 188 होटल, ढाबों की चेकिंग की। एक व्यक्ति पर तलवार से केक काटने पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। सट्टा कारोबार में लिप्त दो आरोपियों से नकद 2,400 बरामद हुए। ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो नाबालिग बच्चों को भी दस्तयाब किया गया। इस दौरान 31 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 9,500 का समन शुल्क वसूला गया।

# नरवाई प्रबंधन जागरूकता अभियान के अंतर्गत किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

जनपद के पंचायत अटारीख़ेजडा में किसान महेंद्र रघुवंशी,जसवंत सिंह के 3 हैक्टेयर खेत में नरवाई न जलाकर सीधे प्लाउ कराया।



नरवाई न जलाने से होने वाले फायदे के बारे में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार कृषि विभाग ग्यारसपुर के कृषि विस्तार अधिकार गोपाल बघेल, रविन्द्र दांगी, विशाल पटेल , निशि जैन ,काजोल चतुर्वेदी के द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारी से जैसे पर्यावरण संरक्षण नरवाई जलाने से हवा में प्रदूषण फैलता है और ग्लोबल वार्मिंग में योगदान होता है। नरवाई का उचित प्रबंधन करके, हम इन नकारात्मक प्रभावों को कम कर सकते हैं नरवाई जलाने से हवा में प्रदूषण फैलता है और ग्लोबल वार्मिंग में योगदान होता है नरवाई का उचित प्रबंध करके हम नकारात्मक प्रभावों को कम कर सकते हैं। सरकार किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि उपकरण भी उपलब्ध करा रही है। नरवाई प्रबंधन एक महत्वपूर्ण तकनीक है जो पर्यावरण मिट्टी और फसल की पैदावार के लिए फायदेमंद है किसानों को नरवाई जलाने की वजह इसका उचित प्रबंधन करना चाहिए ।

### कैंडिल मार्च आज

**सागर।** क्षत्रिय महासभा जिला सागर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की भर्त्सना करते हुए पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों पर पूरा विश्वास व्यक्त किया है।

### जनपद सीईओ ने आवास हितग्राही को प्रमाण दिए

**ग्यारसपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। एवं राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद सीईओ जितेंद्र जैन सरपंच राजू कुशवाहा आवास समन्वयक राकेश पाठक के द्वारा आवास हितग्राहियों के लिए आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र भी वितरण किये। जनपद सीईओ ने सभी हितग्राहियों से कहा है कि अपने-अपने आवास शीघ्रता के साथ निर्माण करें जिससे कि आप सभी को पक्के मकान निश्चित समय सीमा में मिल सके। कार्यक्रम के दौरान विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया ग्राम सभा के अध्यक्ष सरपंच राजू कुशवाहा के द्वारा ग्राम सभा में आठ बिंदुओं के ऐजेण्डे पर चर्चा की गई । इस अवसर पर ग्राम के उप सरपंच प्रीतम लोधी, वार्ड मेंबर भागवत लोधी सुल्तान लोधी,बीके त्रिवेदी, सचिव नरसिंह दास बैरागी रोजगार सहायक शिवानी चौरसिया खलील खान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# कर्मचारियों ने धरना स्थल पर सुंदरकांड पाठ किया

### मांगों को लेकर जिला अस्पताल के सामने धरने पर बैठे हैं संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी 22 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। विदिशा में हड़ताल के तीसरे दिन कर्मचारियों ने जिला अस्पताल के बाहर धरना स्थल पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया।



**विदिशा।** धरना स्थल पर सुंदरकांड पाठ करते हुए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी।

कर्मचारियों की प्रमुख मांग संविदा नीति 2023 के तहत लाभ दिए जाने की है। जिला अध्यक्ष पंकज द्विवेदी के अनुसार वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों के अर्जित अवकाश, मेडिकल अवकाश और अन्य सभी छुट्टियां रद्द कर दी हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में उन्हें कई सुविधाएं मिली थीं। लेकिन मौजूदा सरकार ने वह सभी सुविधाएं वापस ले ली हैं। इन्हीं मांगों को लेकर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

- मांगों को लेकर की जा रही है प्रदेशव्यापी हड़ताल।

कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। वर्तमान में पूरे मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी सुविधाओं की बहाली के लिए कार्य बहिष्कार कर रहे हैं।

# कार्रवाईः नरवाई जलाने पर 328 प्रकरण दर्ज, दो एफआईआर हुईं, 14.10 लाख का जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में नरवाई जलाने पर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए अब तक 328 किसानों पर कार्रवाई की है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अब तक 12 तहसीलों में कुल 14 लाख 10 हजार 500 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।




विदिशा ग्रामीण तहसील में दो मामलों में एफआईआर भी दर्ज की गई है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक 80 प्रकरण सिरोंज तहसील में दर्ज हुए, जिनमें 4 लाख 53 हजार 500 का जुर्माना लगाया गया है। विदिशा नगरीय में 39 प्रकरणों में 2,17,500, पठारी में 8 मामलों में 2,87,500, और शमशाबाद में 32 मामलों में 83,500 का दंड लगाया गया है। अन्य तहसीलों में भी निरंतर कार्रवाई जारी है।

जिला प्रशासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कृषक संवाद आयोजित कर किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान जैसे मिट्टी की उर्वरकता में कमी, वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में जागरूक कर रहे हैं।कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने किसानों से अपील की है कि वे नरवाई जलाने की बजाय वैकल्पिक तकनीकों जैसे रोटावेटर और जैविक विधियों को अपनाएं, जिससे फसल अवशेष को खेत में ही खाद में बदला जा सके।

## पंचायती राज व्यवस्था के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# पंचायत व्यवस्था आत्मनिर्भर व स्वावलंबी होना चाहिए: मंत्री प्रहलाद पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




रायसेन जिले की सांची जनपद पंचायत के ग्राम सिलपुरी में आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर श्री पटेल ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत व्यवस्था आत्मनिर्भर व स्वावलंबी होना चाहिए। पंच-सरपंच योजना बनाकर काम करें, राशि की कोई कमी नहीं है, पंचायत विकास में पैसे का सदउपयोग कहां हो सकता है, यह सोचना होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के बारे में कहा कि पौधे लगाना, पानी बचाना, जल स्त्रोतों को संरक्षित करना केवल सरकार का ही काम नहीं है, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। पौधा रोपित ही नहीं करना, बल्कि उसका संरक्षण करना सुनिश्चित करें, जिससे कि वह वृक्ष का आकार लें सके। वृक्ष हमारे बच्चों को जीवन देने वाला है, इसके लिए हम सब अपना योगदान दें।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ई-पंचायत को दृष्टिगत रखते हुए पंचायत भवन होना चाहिए। पंचायतों में बेहतर रिकॉर्ड रखने का कार्य दूसरी संस्था नहीं कर सकती है। पंचायत भवन इस प्रकार बनाया जाए जो कि आगामी 40 वर्ष तक उपयोगी हो। भविष्य में उन्हें दो मंजिला, तीन मंजिला बनाया जा सके। इसी प्रकार सभी पंचायतों में सामुदायिक भवन हो, जहां खेल प्रतिस्पर्धा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शादी-विवाह आदि कार्यक्रम सम्पन्न हो सके।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, सांची जनपद अध्यक्ष अर्चना पोर्ते, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पाण्डे सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी, पंच-सरपंच उपस्थित रहे।

### पौधे लगाने से ज्यादा जरूरी है उनका संरक्षण

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अभियान के तहत छोटी-छोटी नदियों को जोड़ना पड़ेगा, जिससे नदी नालों में पानी मिलेगा। पहले जहां नदियों, तालाबों में वर्ष भर पानी रहता था, आज उनमें पानी नहीं है। हमें घर में, खेतों में पानी चाहिए, लेकिन पानी आता कहां से है, इसकी भी चिंता करनी होगी। वृक्ष हम हमारे लिए नहीं लगाते, हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए लगाते हैं। वृक्ष छाया भी देते हैं, फल भी देते हैं और पानी भी एकत्रित करते हैं। हम अपने कर्तव्यों के बारे में पुनः विचार करें। पर्यावरण संरक्षण, पौधे लगाना, पानी बचाना, जल स्त्रोतों को संरक्षित करना, केवल सरकार का काम नहीं है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

श्री पटेल ने कहा पंचायतों को अपने संसाधनों से आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। इस वर्ष भारत सरकार के 15वें वित्त का अंतिम वर्ष है, इसकी राशि प्राप्त होगी। इसके अलावा राज्य का वित्त, स्टाम्प ड्यूटी की राशि, गौण खनिज की राशि सहित अन्य स्त्रोतों से भी पंचायत को राशि प्राप्त होती है। इस राशि का योजना बनाकर उपयोग किया जाए। इस बार प्रदेश सरकार का जो बजट है उसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बजट में बड़ी बढोत्तरी हुई है।

### उत्कृष्ट काम करने वाले पंच-सरपंच हुए सम्मानित

कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जिले की ऐसी ग्राम पंचायतें जहां विभिन्न अभियानों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ठ कार्य किया है, उन ग्राम पंचायतों के सरपंच तथा पंचों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्व-सहायता समूहों के साथ ही ई-केवायसी कार्य हेतु स्टॉल भी लगाए गए।

### ग्रामीण विकास में महिलाओं की भी साझेदारी

*जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने बताया कि रायसेन जिले में 521 ग्राम पंचायते हैं जिनमें से 281 ग्राम पंचायतों में महिला सरपंच हैं। इसी प्रकार 144 जनपद सदस्यों में 88 जनपद सदस्य महिलाएं हैं और जिला पंचायत में तीन महिलाएं जिला पंचायत सदस्य हैं। इस प्रकार ग्रामीण विकास में महिलाएं अपना योगदान दे रही हैं।*

### 98 पंचायतों में नहीं है पंचायत भवन

*जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने बताया कि 521 ग्राम पंचायतों में से सिर्फ 98 ग्राम पंचायत ही ऐसे हैं जहां पंचायत भवन नहीं हैं। इस वर्ष 31 नवीन ग्राम पंचायत भवन मिले हैं। जिला पंचायत सीईओ ने जिले की ग्राम पंचायतों में विभिन्न जनकल्याणकारीयोजनाओं के क्रियान्वयन और विकास तथा निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया।*

## तीसरे दिन भी जारी रही संविदा कर्मियों की हड़ताल

### सुंदरकांड पाठ के बाद सौंपे ज्ञापन



◆ संविदा कर्मियों की हड़ताल से जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं हो रही हैं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी है। कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन के तहत सुंदरकांड पाठ और भजन कीर्तन का आयोजन किया। सांची रोड स्थित लाडली वाटिका पार्क में 22 अप्रैल से चल रही इस हड़ताल से जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

कर्मचारियों ने कल मुख्यमंत्री को अपने खून से लिखे पोस्टकार्ड भेजे। आज वे सांसद और विधायकों को ज्ञापन सौंपेंगे। 26 अप्रैल को ताली बजाकर प्रदर्शन करने की योजना है।



### एनएचएम कर्मचारियों को लाभ नहीं मिल रहा

कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा और सामान्य प्रशासन विभाग की संविदा नीति 2023 के अनुसार एनएचएम कर्मचारियों को लाभ नहीं मिल रहा है। उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी।

## एक दर्जन से अधिक अवैध कालोनियों पर हो कार्रवाई

### नपं. ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रेवापुरम सहित नगर की सीमा में विकसित हुई एक दर्जन से अधिक अवैध कालौनियों के विरूद्ध नपं. के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदो ने एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंप कर मोर्चा खोल दिया है। अवैध कालौनियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। यदि ऐसा नहीं होता है तो 15 दिनों के बाद नपं. के जन प्रतिनिधी धरना आंदौलन के लिए बाध्य होने इसकी चेतावनी भी सौंपे ज्ञापन में दी गई है।

ज्ञापन में रेवापुरम कालौनी में वृक्षों को काटे जाने, नाले पर अतिक्रमण से वार्ड 8-9 में जल भराव की स्थिति बारिश में बनने। इसी के साथ बिना नपं. पीआईसी के जानकारी अनुमति देने का मुद्दा उठाकर परमीशन निरस्त करने अधिकारियों, कर्मचारियों की जांच और कार्यवाही की मांग नपं. के निर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षदों ने की है। इसी के साथ अवैध कालौनियों में पानी निकासी के नालों पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया।

नालों पर अवैध निर्माण से वार्ड 1, 2,4,5,7,8,9,11,15 में बारिश में जल भराव की स्थिति बनती है। अतिक्रमण तुरंत हटाने की मांग की गई।

### एफआईआर की मांग

*नपं. के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर अवैध कालौनियो की जांच प्रभावी कार्यवाही और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। यदि 15 दिवस में कार्यवाही नहीं होती है। तो नपं. धरना आंदौलन के लिए मजबूर होगी। प्रश्र यह है कि नपं. सीमा के भीतर की सभी कालौनियों नपं. के अंतर्गत आती है। नपं. द्वारा ही अनुमति दी जाती है। फिर क्या कारण है कि नपं. को ही अवैध कालौनियो के विरूद्ध जांच, कार्यवाही और एफआईआर दर्ज करने ज्ञापन सौंपना पड रहा है। और धरना आंदौलन की चेतावनी भी दी जा रही है। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समय नपं. के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, पार्षद ठाकुर सिंह पटेल, पूरन सिंह धाकड़, चन्द्रप्रकाश मेहरा, महिला पार्षदों के प्रतिनिधी भरत शर्मा, अनीस कुरैशी, श्याम पटेल, नंदू चांडक, वीरेन्द्र धाकड़, शैलेन्द्र पटेल, प्रतिपाल साहू, रणधीर चौधरी इत्यादि की उपस्थिति रही। ज्ञापन की प्रतियां क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, कलेक्टर रायसेन, सीएमओ, थाना प्रभारी को भी भेजी गई है।*

## सहस्त्र चंडी महायज्ञ व श्रीरामकथा 27 अप्रैल से, कलश एवं ध्वज पूजन संपन्न

**बाड़ी।** नगर के मां हिंगलाज मंदिर प्रांगण में होने वाले सहस्त्र चंडी महायज्ञ, भव्य संत समागम एवं श्री राम कथा के भव्य आयोजन की तैयारी विगत दो सप्ताह से चल रही हैं जिनकी व्यवस्थाओं का जायजा लेने विधायक सुरेंद्र पटवा बुधवार शाम सहस्त्र चंडी महायज्ञ प्रांगण पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर में नगर में इतना बड़ा आयोजन विगत 55 वर्ष बाद हो रहा है। ऐसे में इस यज्ञ में भारी तादाद में भक्त जनों के आने की उम्मीद के अनुसार व्यवस्थाएं जुटाए जा रही हैं। इस संदर्भ में प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

गुरुजी से चर्चा कर पानी, बिजली, शौचालय पुलिस व अन्य सारी व्यवस्थाओं को लेकर उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण करनें के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर आयोजन समिति सदस्यों को सम्मानित किया। महायज्ञ के शुभारंभ पर आयोजित कलश व पवित्र ध्वज का पूजन किया।

## तीन दिन में लूट के आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कोतवाली पुलिस ने 21 अप्रैल को बुजुर्ग किसान के झोला को काटकर एक लाख 30 हजार रुपए की राशि पार करने ला 48 घंटे के अंदर खुलासा कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मां बेटे को गिरफ्तार किया है।

टीआई संदीप चौरसिया ने बताया कि 21 अप्रैल को फरियादी नारायण सिंह बघेल निवासी हिम्मतगढ़ का दोपहर के समय सागर रोड स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया से एक लाख 40 हजार रुपए निकाले थे जो बैंक के बाहर अज्ञात चोरो ने फरियादी का झोला काटकर चोरी कर ले जाने पर पुलिस ने जांच में लिया था।



जांच के दौरान घटना स्थल के आसपास एवं भोपाल रोड के सीसीटीबी फुटेज चेक कर तथा मुखविर सूचना पर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी कर आरोपी अनिकेत उर्फ़ कोको पिता राजेश सिसोदिया उम्र 18 साल तथा मंजी उर्फ़ मंजू पति राजेश सिसोदिया उम्र 35 साल दोनों निवासी ग्राम कडिया सासी जिला राजगढ़ को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर आरोपियों के कब्जे से नगद 20000 रुपये, बैंक खाते में जमा 99000 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त एक ट्रिमर, एक बाइक जप्त की है।

आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय रायसेन पेश कर जिला जेल भेजा। आरोपियों से पूछताछ के दोरान रायसेन व बरेली थाना क्षेत्र में व अन्य जिलो में घटना घटित करना स्वीकार किया है।

## लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से बढ़े उल्टी, दस्त व लू के मरीज

### नगर के सिविल अस्पताल में उपचार कराने बड़ी संख्या में पहुंच रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



अप्रैल के चतुर्थ सप्ताह की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बीते एक सप्ताह से सूरज की तपिश लगातार बढ़ रही है। गुरुवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अब लू चलने की आशंका भी तेज हो गई है। अप्रैल की शुरुआत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम ठंडा रहा लेकिन अब मौसम खुलते ही तापमान तेजी से बढ़ रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान बढ़ने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इसका सीधा असर मानव जीवन पर पड़ता है। कई बार हालात बिगड़ जाते हैंए इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। अप्रैल में सबसे ज्यादा वैवाहिक मुहूर्त होने से शादी वाले घरों में परेशानी बढ़ गई है। गर्मी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। सिविल अस्पताल में ओपीडी की संख्या 400 के पार पहुंच गई है। निजी क्लिनिकों में भी मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

इस समय अस्पताल में उल्टी, दस्त, लू, बुखार और बीपी के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। डॉक्टर मरीजों को हल्का और पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दे रहे हैं। गांवों में गर्मी का असर और ज्यादा दिख रहा है। नदी, नाले,तालाब सूखने लगे हैं। मवेशियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इन दिनों मौसम में बदलाव के कारण नगर में सर्दी जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या काफी बड़ी हुई है। जिसके चलते सिविल अस्पताल की ओपीडी 400 के पार चल रही है।

सिविल अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिकों व लैब कलेक्शन सेंटरों पर डॉक्टरों से परामर्श लेने के साथ साथ जांच कराने के लिए मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। सिविल अस्पताल कीओपीडी में 15 दिन पहले 150 से 200 मरीज इलाज के लिए आ रहे थे, वहीं अब यह संख्या 400 के पार हो गई है। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के आधे से ज्यादा लोग निजी क्लीनिकों पर इलाज करा रहे हैं।

डॉक्टरों के पास इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग व हर उम्र तक के मरीज शामिल है। इन दिनों कस्बे के अस्पताल मार्ग पर निजी क्लीनिक व लैब कलेक्शन सेंटर पर जांच कराने के लिए मरीजों की भीड़ लग रही है।

### खान पान पर रखे ध्यान

मौसम में बदलाव के चलते उल्टी, दस्त व लू आदि बीमारियां बढ़ रही है। नागरिकों को अपने खान पान पर ध्यान रखना होगा तथा किसी भी तरह की दिक्कत होने पर चिकित्सक से परामर्श ले।

**- डॉ. एचएन मांडरे,** बीएमओ सिविल अस्पताल सिलवानी।

## आये दिन हो रही घटनाएं

## नरवाई की आग से हाहाकार दो घंटे बाद पाया गया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बुधवार, गुरुवार की सुबह नरखेड़ा, सेमरा, दीवानगंज गांव के आसपास नरवाई में आग लगने के कारण ग्रामीण काफी परेशान हुए। पहले तो आग नरखेड़ा गांव से काफी दूर खेत में लगी थी लेकिन हवा का रुख गांव की तरफ होने के कारण 2 घंटे में ही आग तेजी से बढ़ती हुई गांव के पास आ गई जिससे गांव में अपरा तफरी माहौल बन गया। आग तेजी से गांव की तरफ बढ़ रही थी नरखेड़ा गांव के 15 से 20 ग्रामीणों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की मगर आग पर काबू ना होता देख दीवानगंज चौकी पर इसकी सूचना दी गई।

पुलिस चौकी दीवानगंज से सांची फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई मगर ग्रामीणों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, मगर फिर भी सांची से फायर ब्रिगेड घटना स्तर पर नहीं पहुंच पाई।



आग बुझाने में रामदयाल लोधी, लक्ष्मी नारायण शाक्य, चिरौंजी लाल, दीना, ब्रजमोहन, पर्वत, तोरण, गज्जू, शैतान, जगदीश, गुड्डू, बिहारी, विशाल, नरेश, पीतम सहित गांव के कई ग्रामीणों की मुख भूमिका रही। जब तक आग पर कब यू पाया तब तक मोहन सिंह, मदनलाल, अन्नू साहू का घर के पास रखा भूसा जल गया। वहीं रोड किनारे लगे हजारों छोटे बड़े पेड़ आग की चपेट में आने से झुलज गए।

## मनु महाराज ने मानव को श्रेष्ठ जीवन यापन करने की शिक्षा प्रदान की है: पं भूपेंद्र शास्त्री

**सिलवानी।** नगर के सोनी मोहल्ले में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। जिसमें कथा व्यास पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने कथा के तृतीय दिवस कहा कि माता – पिता को चाहिए कि वह अपने बच्चों को भक्त ध्रुव की कथा सुनाएं और उन्हें ध्रुव जैसा श्रेष्ठ व्यक्तित्व निर्मित करने की प्रेरणा दें। उन्होंने कहा कि भक्त ध्रुव अपने पिताजी के गोद में बैठने की इच्छा व्यक्त कर रहा था लेकिन उनकी सौतेली माता ने उन्हें उनके महाराज पिता की गोद में बैठने से मना कर दिया तो राजा उत्तानपाद जो उनके पिता थे तो यह देखकर वह भी वह दुखी हुए लेकिन अपनी पत्नी प्रेम के वशीभूत होकर उन्होंने ध्रुव की सौतेली मां से कुछ नहीं कहा। यह घटना देखकर ध्रुव की सगी माताजी ने कहा की बेटा तुम जगत पिता की गोद में बैठो ध्रुव ने कठोर 6 माह तक तपस्या की जिससे प्रसन्न होकर श्री हरि विष्णु ने उन्हें दर्शन दिया। कालांतर में प्रभु कृपा से ध्रुव को अक्षय पद प्राप्त हुआ।

## हिन्दू संगठनों ने जताया विरोध, अधिवक्ताओं ने शोकसभा आयोजित कर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

# पहलगाम घटना को लेकर रैली निकाली, ज्ञापन सौंपे, कड़ी कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने सोमवार को 26 निहत्थे और निर्दोष पर्यटकों की बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना के विरोध में और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए जिला अभिभाषक संघ रायसेन ने मौन श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। संघ ने न्यायपालिका से अपील की है कि इस दुख की घड़ी में देश के साथ खड़े होते हुए न्यायालयीन कार्यवाही स्थगित की जाए, ताकि मृतकों को श्रद्धांजलि दी जा सके। संघ के अध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी, सचिव प्रमोद कुमार साहू, उपाध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा सहित कई अधिवक्ता श्रद्धांजलि सभा में शामिल रहेंगे।

### सकल हिन्दू समाज ने पहलगाम नरसंहार के विरोध में निकाली जनआक्रोश रैली

**बरेली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पिछले दिनों निर्दोष निहत्थे पर्यटकों को उनकी जाति धर्म पूछ कर जिस प्रकार आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या की गई। उस घटना के विरोध में और देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से दोषियों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की मांग करते हुए, पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाते हुए सकल हिन्दू समाज द्वारा रैली निकाल कर अपनी आहत भावनाए व्यक्त की गई।

संकट मोचन हनुमान मंदिर पर सभी वर्ग समाज के लोग एकत्रित हुए, नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहॉ हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले ने ज्ञापन क वाचन किया और एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंपा। दो मिनिट का मौन धारण कर पहलगाम के सभी मृतकों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। रैली में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल भी शामिल हुए। आतंकवादियो के खात्मे, घटना का षडयंत्र रचने वाले पाकिस्तान के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की।




रैली में व्यापारी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, पार्षद, हिउस अध्यक्ष दिनेश बवेले, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल सहित धार्मिक सामाजिक संगठन, शिक्षण संस्थाओं के संचालको, सर्व ब्राम्हण संगठन, युवा ब्राम्हण महापरिषद, विहिप, बजरंग दल, समाज के विभिन्न वर्गो के लोगो की उपस्थिति रही।

### पहलगाम नरसंहार के विरोध में हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन

**सिलवानी।** विगत दिनों पहलगाम में हुए नरसंघार के विरोध में हिंदु समाज ने गुरुवार को जन आक्रोश रैली निकाली तथा राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कांठिया मंदिर परिसर से रैली के रुप में एसडीएम कार्यालय पहुंच कर हिंदु समाज ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा तथा कार्रवाही की मांग की। ज्ञापन में मांग की गई है कि सीमापार से चल रहे आतंकवादी शिविरों पर स्ट्राइक कर उन्हें नष्ट किया जावे। आतंकवादियो के मददगार देश के अंदर स्लीपर सेल को नष्ट किया जावे ताकि घटनाओ की पुनरावृति ना हो सके। ज्ञापन देने से पूर्व बड़ी संख्या में समाजजन कांठिया मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यहां पर रैली तथा ज्ञापन से पूर्व पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए मृतको को 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई सिलवानी द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमले के विरोध में बजरंग चौराह पर पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन किया। पाकिस्तान मुर्दावाद और आतंकवाद मुर्दावाद के लगे नारे।

### एबीवीपी ने पहलगाम हमले के विरोध में जलाया पुतला



**बाड़ी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बाड़ी द्वारा प्रदर्शन किया। बुधवार को कार्यकर्ताओं ने चिंतामन चौराहे पर इकट्ठा होकर आतंकवाद का पुतला जलाया। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की इसके बाद आतंकवाद का पुतला जलाया। जिसमे मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष अमन सोनी, नगर मंत्री सत्यम विश्वकर्मा, मोंटी बैरागी, शिवा ठाकुर, पवन गुर्जर, अरुण प्रजापति, आर्यन गुर्जर, हेमंत साहू, आर्यन यादव, सुमित सोनी, मोहित साहू, वरुण, हर्ष आदि उपस्थित रहे।